कार्यालय जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी, बागपत।

संख्याः– 634/29–ई0वी0एम0 दिनांकः– 29 जुलाई,2016

मैसर्स, आशू लाजिस्टिक एण्ड पैकेजिंग,
प्रा0लि0, सी–46, सी0एम0डी0ए0 कम्पलेक्स,
जी0एन0टी0 रोड मधावरम चेन्नई–110
मौ0न0–**7086055402,** 08822461275,(अमित सिहं)
मौ0न0–9864061275 (प्रीति चौधरी)

विषयःकेरल राज्य के जनपद थ्रिस्सूर से जनपद बागपत हेतु 1300 बी0यू0 तथा 1000 सी0यू0ई0वी0एम0 लाने के संबंध में।

कृपया मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय के पत्र संख्या 787/सी0ई0ओ0–3–1323–2016 दिनांक 25 जुलाई,2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें(छायाप्रति संलग्न) जिसके द्वारा आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2017 के प्रयोगार्थ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा केरल राज्य के जनपद थ्रिस्सूर से जनपद बागपत के लियें 1300 बी0यू0 एवं 1000 सी0यू0 आवंटित की गयी है। आपके कूटेशन नम्बर एएएलपीपीएल/ 2016–17 /इन/2016625 दिनांक 25.07.2016 में दी गयी दर के आधार पर केरल राज्य के जनपद थ्रिस्सूर से आवंटित वर्ष 2006 मॉडल की ई0सी0आई0एल0 मेक की 1300 बी0यू0 तथा 1000 सी0यू0 (ई0वी0एम0) लाने हेतु सहमति दी गयी है।

उक्त मशीनो को लाने में लोडिंग/जनपद बागपत में आने पर अनलोडिंग एवं रास्ते में होने वाले समस्त व्यय सहित आप द्वारा कुल अकंन रूपये 150000.00 मात्र की धनराशि की दर दी गयी है, आप द्वारा दी गयी दरें स्वीकार कर ली गयी है, जो कार्य समाप्ति के पश्चात् बिल प्रस्तुत करने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। उक्त धनराशि के अतिरिक्त कोई भी टेक्स अलग से देय नहीं होगा। ई0वी0एम0 की लोडिंग केरल राज्य के थ्रिस्सूर जनपद में की जायेगी उक्त कार्य हेतु इस जनपद से ई0वी0एम0 नोडल अधिकारी के प्रतिनिधि श्री विनय कुमार शर्मा, अवर अभियन्ता, (राजपत्रित अधिकारी) ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग बागपत (मौ0 न0–9411264777) दिनांक 31.07.2016 को वहां उपस्थित रहेगें जिनकी देखरेख एवं निर्देशन में ई0वी0एम0 की लोडिंग करायी जायेगी।

अतः आपको आदेशित किया जाता है कि केरल राज्य के जनपद थ्रिस्सूर से 1300 बी0यू0 तथा 1000 सी0यू0 (ई0वी0एम0) की लोडिंग करने तथा जनपद बागपत के ई0वी0एम0 स्ट्रांग रूम में रखवाए जाने हेतु कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

(हृदय शंकर तिवारी)
जिलाधिकारी/
जिला निर्वाचन अधिकारी
बागपत।

संख्या व दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ ।

2– पुलिस अधीक्षक, बागपत को इस आशय से प्रेषित कि ई0वी0एम0 लाने हेतु सुरक्षाकर्मियों की तैनाती करने का कष्ट करें तथा तैनात सुरक्षाकर्मियो के नाम,पदनाम, मो0न0 शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें। केरल राज्य के थ्रिस्सूर जनपद के प्रस्थान के दौरान भेजते हुए श्री विनय कुमार शर्मा, अवर अभियन्ता, (राजपत्रित अधिकारी) ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग बागपत (मौ0 न0–9411264777) से समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

3– श्री विनय कुमार शर्मा, अवर अभियन्ता, (राजपत्रित अधिकारी) ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग बागपत को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त ट्रान्सपोर्ट से उनके दिये गये मोबाइल न0 पर वार्ता कर अग्रिम कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी/
जिला निर्वाचन अधिकारी
बागपत।

J.P.2010----------------